# हिंदू संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन व सहिष्णु संस्कृति : वल्लभाचार्य

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विशाल हिंदू सम्मेलन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 जनवरी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में आज रीवा जिले के चोरहटा में 'हिंदू सम्मेलन' का आयोजन संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और स्वयंसेवकों ने सहभागिता की. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में समरसता, एकता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का बोध कराना रहा.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनंत श्री विभूषित श्री श्री1008 जगतगुरु वल्लभाचार्य महाराज ने दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया. अपने आशीर्वाद वचन में महाराज श्री ने कहा कि हिंदू संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन और सहिष्णु संस्कृति है. उन्होंने संस्कारित परिवार और संगठित समाज की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि धर्म की रक्षा तभी संभव है जब हम अपनी



जड़ों और गौरवशाली इतिहास से जुड़े रहें. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अम्बरीष जी केंद्रीय मंत्री विश्व हिंदू परिषद ने अपने ओजस्वी संबोधन में वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में हिंदू समाज की भूमिका को रेखांकित किया. उन्होंने कहा हिंदू समाज का संगठन किसी के विरोध में नहीं, बल्कि राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति और सुरक्षा के लिए है. हम 'वसुधैव कुटुंबकम' के भाव को मानने वाले लोग हैं, लेकिन अपनी एकता के प्रति सजग रहना आज समय की मांग है. समरसता का संदेश: वक्ताओं ने जाति-पाति के भेदभाव को त्यागकर एक सशक्त और समरस हिंदू समाज के निर्माण का संकल्प दोहराया. सांस्कृतिक प्रस्तुति: कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति और आध्यात्मिक वातावरण ने उपस्थित जनसमूह में उत्साह का संचार किया. सम्मेलन के अंत में आभार स्थानीय समिति द्वारा किया गया और भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

# न्यायालय ने प्रबंधन व डाक्टर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के दिये आदेश

## वरदान हॉस्पिटल का मामला

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 जनवरी, रीवा के एक निजी अस्पताल की मनमानी पर न्यायालय ने शिकंजा कसते हुए एक बड़ा आदेश जारी किया है. बता दें कि जिन डॉक्टरों को धरती का भगवान कहा जाता है, अब उन्हीं डॉक्टरो पर चिकित्सा एवं उपचार के नाम पर धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप है लगने लगे है.**

ताजा मामला रीवा के बहुचर्चित वरदान हॉस्पिटल का सामने आया है, जिस पर कोर्ट ने धोखाधड़ी और गंभीर आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज करने का आदेश दिया है. दरअसल यह पूरा मामला वरदान अस्पताल प्रबंधन डॉक्टर मुकेश यादव और डॉक्टर वंदना यादव से जुड़ा हुआ है. इस पूरे मामले को लेकर फरियादी वीरेंद्र त्रिपाठी पिता राम रहीम त्रिपाठी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम चौरी बुढ़वा थाना देवलौंद जिला शहडोल ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा वरदान अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध न्यायालय में परिवाद दायर किया गया था. बताया गया कि न्यायालय ने दायर किए गए परिवाद के मामले को गंभीरता से लेते हुए वरदान अस्पताल पीटीएस रोड रीवा दांत चिकित्सक डॉ मुकेश यादव एवं डॉक्टर वंदना सिंह यादव व अस्पताल प्रबंधन संचालक के खिलाफ धारा 125, 125 बी, 296, 351, 271 की सहपठित धारा 318 दो के तहत अपराध दर्ज करने का आदेश दिया है. पीड़ित और उनके अधिवक्ता अनूप प्रताप सिंह ने बताया कि फरियादी वीरेंद्र त्रिपाठी के दांत खराब हो गए थे, जिसके इलाज के लिए वह वरदान अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर मुकेश यादव और वंदना यादव ने दांतों का इंप्लांट करने की सलाह दी और इलाज के नाम पर पांच लाख रुपए वसूल कर लिए जिसकी बाकायदा रसीद की दी गई है. लेकिन आरोप है कि यह ऑपरेशन पूरी तरह से असफल रहा.

पीड़ित लगातार दर्द से तड़पता रहा, अस्पताल के चक्कर लगाता रहा, लेकिन कोई राहत नहीं मिली. आरोप है कि उल्टा डॉक्टरों द्वारा उन्हें पुलिस में फसाने की धमकियां दी जाने लगी. बाद में पीड़ित को भोपाल ले जाकर डॉक्टर पुष्कर से भी इलाज कराया गया लेकिन वहां भी ऑपरेशन सफल नहीं हुआ. पीड़ित का आरोप है कि यह इंप्लांट डॉक्टर द्वारा पहली बार किया गया था, यानी बिना पर्याप्त अनुभव के केवल पैसों के लालच में गंभीर चिकित्सा प्रक्रिया कर दी गई, इससे पीड़ित की हालत और बिगड़ती चली गई.

सबसे हैरानी की बात यह रही कि पीड़ित ने कोतवाली थाना से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. लिहाजा न्यायालय के शरण में जाना पड़ा.



# डीआरएम ने किया लॉबी का निरीक्षण

## कैमरा और काउंटर लगाने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सतना 18 जनवरी. मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा ने रविवार को लोको पायलट लॉबी का निरीक्षण किया गया. इस दौरान उन्होंने व्यवस्था में सुधार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए.**

मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा मंडलीय अधिकारियों की टीम के साथ शनिवार की रात सतना पहुंचे थे. रात्रि विश्राम के बाद रविवार को डीआरएम ने अपना निरीक्षण शुरु किया. इस दौरान डीआरएम लोको पायलट लॉबी का निरीक्षण करने पहुंचे. जहां पर बारीकी से जायजा लेने के बाद उन्होंने मातहत अमले को निर्देश दिए कि आरएस वाल्व का काउंटर लगाया जाए और साथ ही वहां पर एक सीसीटीवी कैमरा भी लगवाया जाए. इसी कड़ी ममें डीआरएम द्वारा सहायक लोको पायलटों को दी जाने वाली काउंसिलग से संबंधित व्यवस्था पर भी बारीकी से गौर किया. आवश्यक दिशा निर्देश देने के बाद डीआरएम अपने आरए कोच से मैहर के लिए रवाना हो गया. मैहर में भी डीआरएम द्वारा निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए. जिसके बाद वे जबलपुर के लिए रवाना हो गए.

# उचेहरा के करहीखुर्द मंदिर में घुसा अनियंत्रित बल्कर, 1 की मौत

**नवभारत न्यूज**

**सतना 18 जनवरी. जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत उचेहरा-करहीखुर्द मार्ग पर पपरेंगा के निकट हुए हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई. घटना अनियंत्रित बल्कर के मंदिर से जा टकराने के कारण होना बताया गया. पुलिस द्वारा बल्कर चालक को हिरासत में ले लिया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर बाद एक बल्कर उचेहरा क्षेत्र में स्थित रामपथ गमन मार्ग बाईपास पर पहुंच गया. बताया गया कि कुछ देर तक बल्कर को वहीं खड़ा रखने के बाद चालक द्वारा फोन कर अपने रिश्ते के भाई को वहीं भी बुला लिया. बल्कर चालक और उसका रिश्ते का भाई दोनों ने कुछ समय बिताया और दोनों फिर



बल्कर में बैठ गए. इसी दौरान बल्कर चालक के रिश्ते के भाई ने वाहन की चाबी ले ली और स्वयं चालक की सीट पर बैठ गया. जिसके बाद वह बल्कर को लेकर उचेहरा करहीखुर्द मार्ग पर चलने लगा. बताया गया कि अनाड़ी होने के कारण बल्कर मार्ग पर चलते ही लहराने लगा. बल्कर जैसे ही उरदना पंचायत के अंतर्गत पपरेंगा गांव के निकट पहुंचा. वैसे ही अचानक अनियंत्रित होकर मार्ग के किनारे स्थित शिव मंदिर से जा टकराया. तेज गति से मंदिर से टकराने के कारण बल्कर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर दब गया. जिसकी चपेट में आकर वाहन चला रहा व्यक्ति गंभीर तौर पर घायल हो गया. जबकि बगल में बैठे बल्कर चालक को सामान्य चोट ही आई.

### दो क्रेन की ली गई मदद

घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची उचेहरा पुलिस द्वारा केबिन में फंसे व्यक्ति को बाहर निकालने के प्रयास शुरु कर दिए गए. लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर 2 क्रेन बुलानी पड़ी. क्रेन द्वारा खींचे जाने पर किसी तरह घायल व्यक्ति को बाहर निकाल कर अस्पताल भेजा गया. जहां पर जांच करने पर उसे ब्रॉट डेड घोषित कर दिया गया. मृतक की पहचान जितेंद्र कोल पिता जयकरण उम्र 40 वर्ष निवासी पपरेंगा कोलान बस्ती के तौर पर हुई. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा बल्कर चालक को हिरासत में ले लिया गया.

# आज होगा फाइनल मुकाबला फ्रेंडशिप मैच

**सिंगरौली 18 जनवरी।** नौगढ़ प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट की अध्यक्षता कर रहे वार्ड 45 नौगढ़ के पार्षद रामगोपाल पाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। आज के दिन का पहला मुकाबला नगर निगम सिंगरौली और मेडिकल कॉलेज टीम के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करती हुई नगर निगम टीम ने 10 ओवर में 174 रन बनाए हैं, जिसके जवाब में मेडिकल कॉलेज टीम ने 74 रन ही बना पाए।

# धान खरीदी केंद्रों का तहसीलदार ने कलेक्टर के निर्देश पर किया निरीक्षण

- दिये व्यवस्था के आवश्यक निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 जनवरी। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर तहसीलदार चितरंगी ऋषि नारायण सिंह ने आज दिन रविवार को तहसील क्षेत्र के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी व्यवस्था, तौल प्रक्रिया और किसानों के धान का भौतिक सत्यापन किया।**

गौरतलब है कि 9 जनवरी से स्लॉट बुकिंग लॉक होने के कारण कई किसान ऑनलाइन स्लॉट नहीं बुक कर पा रहे थे, जिससे धान विक्रय में परेशानी आ रही थी। किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर खरीदी केंद्रों की स्थिति का जायजा लिया। तहसीलदार सिंह ने समिति स्तर



पर रखे धान की गुणवत्ता और मात्रा की जांच की। साथ ही कई किसानों के घरों तक पहुंचकर उनके धान का सत्यापन भी किया, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता या विलंब की स्थिति न बने। उन्होंने संबंधित समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारु रूप से संचालित की जाए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि शीघ्र ही स्लॉट बुकिंग की समस्या का समाधान किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य है कि किसी भी किसान को अपनी उपज बेचने में कठिनाई न हो और उन्हें समय पर भुगतान प्राप्त हो। इस कार्रवाई से किसानों में राहत और संतोष का माहौल देखा गया। प्रशासनिक पहल से धान खरीदी प्रक्रिया को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सरेराह मारपीट करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

## मारपीट का वीडियो हुआ था वायरल, गाली गलौज करने पर की थी मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 जनवरी, रीवा में सरेराह मारपीट के वायरल वीडियो पर पुलिस ने एक्शन लेते हुए महज चंद घंटो के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के मुताबिक मारपीट की वजह गाली गलौज निकलकर सामने आई है. बताया गया पीड़ित व्यक्ति द्वारा गाली गलौज करने पर आरोपियों ने उसकी सरेराह लाठी डंडों से पिटाई कर दी.**

हालांकि मामले में अब तक पीड़ित व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस उनके खिलाफ शांति भंग करने पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर रही है.

दरअसल यह पूरा मामला शहर के अमहिया थाना क्षेत्र स्थित छोटी दरगाह के पास का है. जहां शुक्रवार को हुई मारपीट की घटना का वीडियो शनिवार को वायरल हुआ था. वीडियो में दो युवक एक अकेले शख्स से विवाद करते हुए उसे लाठी से पीटते नजर आए. हालांकि यह मामला महज एक मामूली विवाद का था, लेकिन सोशल मीडिया में इसे धार्मिक उन्माद से जोड़कर बताया गया. पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों में बिछिया निवासी शीबू खान और समीर नाम के दो युवक शामिल है. पूंछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पीड़ित व्यक्ति द्वारा राह चलते गाली गलौज की जा रही थी, जिसका विरोध करने पर वह विवाद पर उतारू हो गए और देखते ही देखते विवाद मारपीट की घटना में तब्दील हो गया. हालांकि मामले में दोनों पक्ष की ओर से किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई गई, लेकिन वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए वीडियो में मारपीट करते नजर आए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है.

# बैढ़न में रात का रेत साम्राज्य, कानून को खुली चुनौती

## जियावन कार्रवाई ने खोली पोल, पूरा इलाका रेत माफिया के शिकंजे में

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 जनवरी। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल पूरी तरह बेलगाम हो चुका है। नौगढ़, गनियारी और बलियरी क्षेत्र में रात होते ही ट्रैक्टरों की आवाजाही तेज हो जाती है। पूरी रात सैकड़ों ट्रैक्टर रेत ढोते नजर आते हैं, मानो कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज ही न हो।**

आरोप है कि इस अवैध कारोबार में पुलिस की मिलीभगत से प्रति ट्रैक्टर लगभग 4 हजार रूपये की अवैध वसूली की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेत कारोबारी इतने बेखौफ हैं कि उन्हें किसी कार्रवाई का डर ही नहीं है। चर्चा है कि सकरी पुलिस का खुला संरक्षण इस पूरे नेटवर्क को मिला हुआ है।

यही वजह है कि जिम्मेदार पुलिस अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं और अवैध रेत कारोबार दिन-ब-दिन और मजबूत होता जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब कुछ जिला मुख्यालय बैढ़न के आसपास खुलेआम चल रहा है। यदि जिला मुख्यालय में यह हाल है, तो दूरदराज के इलाकों की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। पुलिस द्वारा अवैध कारोबार पर रोक लगाने के दावे अब पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। आमजन में यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि क्या कानून सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है। हाल ही में जियावन थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि रेत का अवैध खेल पूरे क्षेत्र में फैला हुआ है। कार्रवाई से यह साबित हुआ कि रेत माफिया संगठित तरीके से काम कर रहे हैं और इसमें कई प्रभावशाली लोग शामिल हैं। यह बात अब किसी से छिपी नहीं है कि इस अवैध धंधे से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है और शासन को राजस्व की बड़ी हानि हो रही है। क्षेत्रवासियों की मांग है कि बैढ़न कोतवाली क्षेत्र में रात के समय सख्त निगरानी की जाए, दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो और रेत माफिया के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं। यदि जल्द सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो जनता आंदोलन के लिए मजबूर होगी।

# रीवा में खड़ी बसों का डीजल चोरी

- संदेही को किया गया पुलिस के सुपुर्द

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 जनवरी, रीवा शहर में खड़ी बसों से डीजल चोरी का मामला प्रकाश में आया है. चोरों ने चोरी के बाद डीजल टैंक का बोल्ट लगाना भूल गए जिससे करीब 200 लीटर डीजल सड़क पर पानी की तरह बह गया.**

फिलहाल डीजल चोरी के शक में स्थानीय लोगों ने एक संदेही को पकड़ा है, जो चोरी की घटना में शामिल होना बताया जा रहा है. फिलहाल पकड़े गए संदेही को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है, जिससे अब चोरी सहित चोरी में शामिल साथी के संबंध में पूंछताछ की जा रही है.

दरअसल मामला रीवा शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर का है, जहां खड़ी हुई कृष्णा ट्रैवल्स और सैफ ट्रेवल्स की बस से डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया. घटना के संबंध में बस ऑपरेटर ने बताया कि चोरों ने खड़ी बस के डीजल टैंक का बोल्ट खोलकर डीजल चोरी कर ले गए, और बोल्ट को खुला छोड़ गए, जिससे कई लीटर डीजल सड़क पर व्यर्थ बह गया है. घटना की जानकारी होने के बाद एक युवक को पकड़ा गया, जिसने डीजल से भरा गैलन कबाड़ी तक पहुंचाने की बात स्वीकारी है. फिलहाल पकड़े गए संदेही युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है, जिससे अब पुलिस डीजल चोरी में शामिल मुख्य आरोपी के संबंध में पूछताछ कर रही है.

# रामवन का पांच दिवसीय बंसतोत्सव मेला 23 से

## मेले की व्यवस्था का जिम्मा मतहा सरपंच के हाथों

**नवभारत न्यूज**

**सतना 18 जनवरी, जिले के प्रसिद्ध स्थल रामवन में बसंत पंचमी के अवसर पर पांच दिवसीय मेला 23 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक आयोजित हो रहा है।**

ग्राम पंचायत मतहा की सरपंच श्रीमती मनीषा अनंत प्रताप सिंह ने बताया कि रामवन मेले का शुभारंभ 23 जनवरी को विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह के मुख्यातिथ्य में किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर



रावेन्द्र सिंह करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला पंचायत सदस्य एकता अनूप सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष बाबूलाल सिंह, जनपद सदस्य सुखीनंद चैधरी उपस्थित रहेंगे।

# लोकभवन 25 से आमजन के लिए खुलेगा

**सतना 18 जनवरी,** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकभवन को तीन दिनों के लिए आम नागरिकों के भ्रमण हेतु खोला जा रहा है। नागरिकों के भ्रमण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। आमजनों के लिए चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आमजन को लोकतांत्रिक संस्थाओं से जोड़ना तथा गणतंत्र दिवस के महत्व को और अधिक सशक्त बनाना है।

# सात साल बाद खुला मुंह, खाया खाना

**नवभारत न्यूज**

**रीवा 18 जनवरी, ओरा मैक्स दंत चिकित्सालय रीवा के चिकित्सक डॉ अभिषेक मिश्रा ने एक बार फिर जबड़े की जटिल सर्जरी आयुष्मान योजना से कर के चिकित्सा जगत में सराहनीय कार्य किया है।**



9 वर्षीय बालक दीपांशु साकेत जिसने आजतक कोई भी चीज मुंह खोल कर नहीं खाई थी, केवल दूध पानी दाल का पानी ही लेता था, शरीर का विकास भी 9 वर्ष के बालक की जगह 5 वर्ष की बच्चे का लग रहा था, घर वाले ने बताया मुश्किल से दल चावल पीस कर खिला पाते थे, कड़ी सब्जी फल रोटी को चाट लेता था। इतनी मुसीबतों में अपना बचपन जी रहे दीपांशु का दो वर्ष की उमर में छत से गिरने से जबड़े में चोट आ गई थी, शुरुवात में पता नहीं चला लेकिन दांत निकालने के साथ मुंह बंद होता चला गया, घर वाले परेशान होकर कई जगह इलाज के लिए गए लेकिन कोई रास्ता नहीं मिला। स्थानीय विंध्य हॉस्पिटल में कार्यरत स्टाफ ने डॉ अभिषेक मिश्रा से एक सर्जरी के दौरान अपने भाई की तकलीफ बताई। फिर सभी जरूरी जांच के बाद दीपांशु के ऑपरेशन का निश्चय किया। इस तरह का 17 ऑपरेशन कर चुके डॉ अभिषेक ने घर वाले को आश्वस्त किया कि बच्चे का मुंह पुन: खुलेगा। गत सप्ताह विंध्य हॉस्पिटल में ऑपरेशन कर के दोनों तरफ के जबड़े के जोड़ जो सर की हड्डी से चिपक गए थे उनको अलग किया, तथा मरीज का पूरा मुंह खोला गया। बच्चा अब पूरी तरह से स्वास्थ लाभ ले रहा और अच्छे से भोजन कर रहा है। डॉ अभिषेक मिश्रा ने इस ऑपरेशन में विंध्य हॉस्पिटल प्रबंधन एवं ऑपरेशन थिएटर सहयोगी डॉ ऋतु सिंह मैडम एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, साथ में प्रदीप भैया, सोनू भैया, अंजली, विनीता दीदी, उमेश और हिरणकली दीदी को महत्वपूर्ण योगदान के लिए धन्यवाद दिया है।

# दावा-आपत्तियों का सत्यापन कर पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में शामिल करें : जामोद

## गरीबों के हक के अनाज का समय पर उचित मूल्य दुकान पहुंचाकर वितरण कराएं

**नवभारत न्यूज**

**रीवा 18 जनवरी, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने गूगल मीट के माध्यम से संभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि एसआईआर के दौरान व्यक्तियों के दावा-आपत्तियों का सत्यापन कर पात्र व्यक्तियों का मतदाता सूची में शामिल करें।**

अमान्य की स्थिति में सत्यापन के दौरान सभी आवयश्क दस्तावेजों की जांच करें। कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए। बीएलओ एवं बीएलए संयुक्त रूप से सत्यापन करें। बैठक के दौरान संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सभी कलेक्टर ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों के क्लस्टर निर्धारित कर नोडल अधिकारी को नियुक्त किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी नोडल अधिकारियों को सभी योजनाओं की जानकारी दें ताकि आमजनों को शिविर के दौरान योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। क्लस्टरवार शिविरों का आयोजन करें। रीवा कमिश्नर ने धान उपार्जन, खाद उपलब्धता एवं खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी किसानों को उपार्जन की राशि का



भुगतान निर्धारित समय में किया जाए। कलेक्टर मऊगंज और सीधी उपार्जित धान के परिवहन और भंडारण पर विशेष ध्यान दें। सभी कलेक्टर सुनिश्चित करें कि जिलों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्धता बनी रहे ताकि किसानों को खाद समय पर उपलब्ध हो सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि सभी पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न समय पर पहुंचे एवं उसका वितरण हितग्राहियों को समय सीमा में शत प्रतिशत किया जाए। कलेक्टर कान्फ्रेंस के संबंध में सभी बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि हेल्थ सेक्टर में संभाग की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इसके संबंध में उन्होंने निर्देश दिए की स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को संयुक्त रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। संबंधित विभाग ब्लाक स्तर पर मैदानी अमले को सक्रिय करें। साथ ही समय-समय पर उनके कार्यों की समीक्षा भी करें। कलेक्टर हर महीने बैठक करके हेल्थ सूचकांकों के सुधार के प्रयास करें मैदानी हमले को सक्रिय करने पर ही जिलों और संभाग की रैंकिंग में सुधार होगा।

### गूगल मीट के माध्यम से जुड़े कलेक्टर

गूगल मीट में ऑनलाइन माध्यम से कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड, कलेक्टर सिंगरौली गौरव बैनल, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन तथा अन्य अधिकारी शामिल हुए।


## एजेंसी देनी है

आपका सबसे पुराना, विश्वसनीय, निष्पक्ष **नवभारत** समाचार पत्र सतना को पोंड़ी, पिंडरा, सिंहपुर, रैगांव, ताला, बड़ा इटवा, सरलानगर (मैहर) आदि स्थानों पर एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

मो. नं.- 9098286391, 7828109523


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99